# एनओसी में दिक्कत हो तो सीधे मुझसे मिलें निवेशक : डीएम

## निवेशकों के साथ प्रशासन के शीर्ष अफसरों ने की बैठक

जासं, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले प्रशासन के सामने निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की चुनौती है। दो लाख करोड़ से अधिक निवेश के प्रस्ताव लखनऊ के लिए आए हैं। ऐसे में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी तक अधिक से अधिक प्रस्तावों को अमली जामा पहनाने के लिए प्रशासन जुट गया है। इसी क्रम में सोमवार को जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में डीएम सूर्यपाल गंगवार ने निवेशकों को बुलाकर उनसे चर्चा की और कहा, आप लोगों को किसी तरह की दिक्कत हो तो सीधे मुझसे आकर मिलें।

डीएम ने उद्यमियों को भूमि नक्शा, लैंड यूज, ले आउट प्लान, मास्टर प्लान के बारे में जानकारी दी। कहा, समस्त चेक लिस्ट एवं एनओसी आवेदन की प्रक्रिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। डीएम ने उद्यमियों से कहा कि भूमि खरीदने से पहले उसका लैंड यूज मास्टर प्लान में अवश्य देखें। यदि कोई असुविधा या जानकारी की कमी हो तो प्रशासन से संपर्क करें। डीएम ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उनके सहयोग के लिए सभी विभाग 24 घंटे तैयार है। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के संबंध में पाया गया कि हाउसिंग विभाग, यूपीसीडा विभाग, नगर निगम विभाग के कई प्रकरण समय सीमा के बाहर लंबित है। डीएम ने ऐसे प्रकरणों को तीन दिन में निस्तारित करने को कहा।




उद्योग बंधु की बैठक में निवेशकों के साथ वार्ता करते डीएम सूर्यपाल गंगवार • जागरण

### सड़क का काम शुरू

औद्योगिक क्षेत्र नादरगंज में नेशनल इंजीनियरिंग वर्क्स से अमौसी जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण शुरू कर दिया गया है। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 10 दिन के अंदर कार्य पूर्ण हो जाएगा।

### अतिक्रमण हटाया जाएगा

औद्योगिक क्षेत्र चिनहट की सड़कों पर अतिक्रमण, मटियारी चौराहे के पास टेंपो एवं ई-रिक्शा चालकों तथा देवा रोड पर भारी वाहनों द्वारा सड़क पर पार्किंग के संबंध में ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम जोन-सात तथा यूपीसीडा विभाग की संयुक्त टीम गठित कर अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा तालकटोरा और नादरगंज में भी अतिक्रमण हटाया जाएगा।